उत्तर प्रदेश में 5 हज़ार एकड़ में बनेगी नॉलेज स्मार्ट सिटी

चर्चा में क्यों?

18 दिसंबर, 2022 को सैन फ्राँसिस्को में आस्टिन यूनिवर्सिटी के साथ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने नॉलेज स्मार्ट सिटी के लिये एमओयू साइन किया।

प्रमुख बिंदु

- सैन फ्राँसिस्को में यूएस बेस्ड सलोनी हार्ट फाउंडेशन ने राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार की मौजूदगी में एमओयू साइन किया। वहीं आस्टिन यूनिवर्सिटी ने उत्तर प्रदेश में नॉलेज स्मार्ट सिटी के लिये 35 हज़ार करोड़ रुपए के निवेश का एमओयू साइन किया।
- यह नॉलेज स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पाँच हज़ार एकड़ ज़मीन पर बनाया जाएगा, इसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों का समावेश होगा।
- गौरतलब है कि राज्य की योगी सरकार ने राजधानी लखनऊ में 10-12 फरवरी के मध्य होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के ज़रिये 10 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों और अधिकारियों की 8 टीमों को 18 देशों में रोड शो और ट्रेड शो के ज़रिये निवेश आकर्षित करने के लिये भेजा है।
- इससे पहले स्वीडन बिज़िनेस कम्युनिटी ने उत्तर प्रदेश में गहरी दिलचस्पी दिखाते हुए कुल 15000 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। प्रदेश में निवेश आने से अलग-अलग क्षेत्रों में तो विकास होगा ही, साथ ही रोज़गार भी बढ़ेगा।
- उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाली ये कंपनियाँ यहाँ फिल्म सिटी, रिटेल, टूरिज्म, वेस्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में पैसा लगाने के लिये तैयार हैं। स्वीडन के अलावा कनाडा के वैंकूवर से भी टीम योगी को 1200 करोड़ रुपए के छह एमओयू (MOU) प्राप्त हुए हैं।
- स्टॉकहोम में रोड शो के दौरान आयोजित विभिन्न बी2जी और जी2जी बैठकों में रक्षा, कपड़ा और वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा सहित अन्य क्षेत्रों में निवेश को लेकर चर्चा की गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/knowledge-smart-city-will-be-built-in-uttar-pradesh